# कलेक्टर ने आवेदकों की सुनीं समस्याएं



**नर्मदापुरम, 26 मई. कलेक्ट्रेट के रेवा सभा कक्ष में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली देखने को मिली. जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 171 आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए.**

विशेष बात यह रही कि प्रत्येक आवेदक को कलेक्टर के सामने कुर्सी पर बैठाकर उनकी समस्याएं सुनी गईं. प्रशासन द्वारा पहले से ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि कोई भी आवेदक खड़े होकर अपनी बात न रखे और सभी मामलों का गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए. जनसुनवाई में कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जिससे आवेदकों ने संतोष जताते हुए कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया.

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी सम्मानित



**नर्मदापुरम, 26 मई.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर टॉप 5 एवं टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने तथा 90 प्रतिशत से अधिक वेटेज स्कोर अर्जित करने वाले विभागों के जिला अधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. कलेक्टर ने अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण के लिए उनकी प्रशंसा की. प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर तथा कुल 100 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त करने पर नापतोल विभाग के निरीक्षक सलिल ल्यूक, लोक सेवा प्रबंधन विभाग के जिला प्रबंधक आनंद झेरवार तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के जिला प्रबंधक संदीप चौरसिया को कलेक्टर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. इसी प्रकार पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. शैलेंद्र नेमा को प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान एवं 92.35 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया. कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह को प्रदेश स्तर पर छठवां स्थान प्राप्त करने एवं 90 प्रतिशत वेटेज स्कोर तथा श्रम विभाग की वर्षा इरपाचे को आठवां स्थान प्राप्त करने एवं 90.13 वेटेज स्कोर प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया.

## भक्तों के दुख हरने श्रीकृष्ण ने लिया जन्म

**बनखेड़ी, 26 मई.** बनखेड़ी के समीप ग्राम गरधा में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत गीता पुराण कथा में भक्तिमय माहौल देखने को मिला. बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में भाव-विभोर हो गए.

कथा वाचक पंडित चंद्रभान शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि जब अत्याचारी कंस के अत्याचार चरम पर पहुंच गए, तब भगवान ने देवकी और वसुदेव के घर कारागृह में जन्म लेकर भक्तों के दुख हरने का संदेश दिया.

उन्होंने बताया कि भगवान के जन्म लेते ही कारागृह की बेड़ियां स्वत: टूट गईं और पहरेदार गहरी नींद में सो गए.वसुदेव जी नवजात श्रीकृष्ण को टोकरी में रखकर यमुना नदी पार करते हुए सुरक्षित नंद बाबा के घर पहुंचाए.

# प्रशासन की अनदेखी से बढ़ी अवैध वेंडरिंग



**इटारसी, 26 मई. रेलवे स्टेशन इटारसी पर अवैध वेंडरिंग और आपराधिक गतिविधियों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं. स्टेशन पर लाइसेंसी वेंडरों और ठेकेदारों का आरोप है कि वर्षों से अवैध वेंडरों का कब्जा बना हुआ है, लेकिन रेल प्रशासन प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है. इससे लाइसेंसी वेंडरों को लगातार आर्थिक नुकसान और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.**

लाइसेंसी ठेकेदारों का कहना है कि वे नियमित रूप से रेलवे को निर्धारित शुल्क जमा करते हैं, जबकि अवैध वेंडर बिना अनुमति प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में सामान बेचते हैं. इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार शिकायतें भी की गईं, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई. सूत्रों के अनुसार कुछ लोगों द्वारा अवैध वेंडरों से कथित रूप से वसूली किए जाने की भी चर्चाएं हैं. हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है. बताया जाता है कि जांच के दौरान अधिकतर कार्रवाई लाइसेंसी ठेकेदारों पर ही होती है, जबकि जांच समाप्त होते ही अवैध वेंडर फिर सक्रिय हो जाते हैं.

स्टेशन पर बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर भी चिंता जताई जा रही है. स्थानीय लोगों के मुताबिक स्टेशन परिसर में आए दिन विवाद, मारपीट और चाकूबाजी जैसी घटनाएं सामने आती रहती हैं. इटारसी जंक्शन होने के कारण यहां बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही रहती है, जिसका फायदा असामाजिक तत्व उठाते हैं. रेलवे स्टेशन पर प्रतिबंधित वस्तुओं जैसे गुटखा, तंबाकू और सिगरेट की खुलेआम बिक्री के आरोप भी लगाए गए हैं. कुछ लोगों ने अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री होने की आशंका भी जताई है. मामले को लेकर पूर्व सांसद राव उदयप्रताप सिंह और राज्यसभा सांसद माया नारोलिया द्वारा भी रेलवे अधिकारियों के समक्ष शिकायत उठाई जा चुकी है.

### एक नजर में




## मूर्ति पूजन के बिना सृष्टि चल नहीं सकती

इटारसी, 26 मई. ठाकुर श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर में अधिकमास की चार कथाओं में से दूसरी भागवत कथा के यजमान विष्णु चौरसिया अनीता चौरसिया ध्रुव चौरसिया एवं अमित चौरसिया ने पंडित हर्षित कृष्णा वाजपेई का व्यास पूजन किया. उनका पुष्पहार से स्वागत किया गया. दीपक चौरसिया, विराट चौरसिया ने भी व्यास पूजन किया. तीसरे की कथा को विस्तार देते हुए भागवत किंकर पंडित हर्षित वाजपेई ने कहा कि ब्रह्म जी ने सर्व प्रथम मूर्ति पूजन करी. भगवान तो सर्वत्र है. परन्तु भावना जहां दृढ़ होगी वही पूजन सफल होगी. मूर्ति के पुत्र के रूप में भगवान नर नारायण प्रकट हुए, जो बद्रीनाथ में विराजे हैं. सनातन धर्म में अनादि काल से सृष्टि के आरंभ से मूर्ति पूजन का विधान है .उन्होंने कहा कि मीराबाई ने मूर्ति पूजन करके इसी कलयुग में भगवान को पाया है .इसीलिए व्यर्थ की बातों में समय न गंवाकर जहां हमारी भावना सुदृढ़ हो अपने इष्ट के चरणों में अपनी भक्ति समर्पित करके प्रभु को रिझाना चाहिए. मूर्ति पूजन के बिना सृष्टि नहीं चल सकती. कथा में विश्राम के समय दिव्य शिव पार्वती की झांकी का दर्शन श्रद्धालुओं ने किया. चौरसिया परिवार जो कथा का यजमान है, ने भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए शीतलता की पर्याप्त व्यवस्था की है. आयोजन समिति ने ने बताया कि वुधवार को चौथे दिन की कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव भव्य रूप में मनाया जाएगा।



## नरवाई की आग से पाइप जले

इटारसी,26 मई. इटारसी क्षेत्र में बीती रात खेत की नरवाई में आग लगने से किसानों को नुकसान हुआ है .इस घटना में सिंचाई के लिए बिछाए गए करीब 50 प्लास्टिक पाइप जलकर राख हो गए. आग लगने का कारण अभी अज्ञात है. किसान विनोद वारिवा ने बताया कि जब वे सुबह खेत पहुंचे तो उन्होंने जले हुए पाइप देखे .उनके करीब 40 पाइप पूरी तरह जल गए थे. पास के किसान सुनील उईके के भी 10 पाइप आग की चपेट में आकर नष्ट हो गए .घटना की सूचना तत्काल तहसीलदार और पटवारी दीपक रघुवंशी को दी गई. पटवारी ने मौके पर पहुंचकर खेत का निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया .प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है .ग्रामीणों के अनुसार, इन दिनों खेतों में नरवाई होने के कारण एक छोटी सी चिंगारी भी बड़ी आग का रूप ले सकती है .यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो आसपास के खेत भी इसकी चपेट में आ सकते थे .किसानों ने प्रशासन से इस नुकसान का मुआवजा देने और आग लगने के कारणों की गहन जांच कराने की मांग की है.

## वेयरहाउस से गेहूं की चोरी

नर्मदापुरम, 26 मई. वेयरहाउस से गेहूं के 65 कट्टे चोरी, मामला दर्ज नर्मदापुरम. शिवम वेयरहाउसिंग पवारखेड़ा से अज्ञात आरोपी द्वारा फरियादी की वेयर हाऊस गोडाऊन का ताला तोड़कर गेहूं से भरे 65 कट्टे चोरी होने का मामला देहात थाने में दर्ज हुआ है. फरियादी मनीष नवलानी निवासी शांति नगर ने देहात थाने में शिकायत की है, देहात पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**नर्मदापुरम, 26 मई. एनसीसी की 13 एमपी एनसीसी बटालियन के तत्वावधान में ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में 10 दिवसीय आवासीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया. इस शिविर में विभिन्न जिलों के 12 विद्यालयों एवं पांच महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स सहभागिता कर रहे हैं. शिविर के उद्घाटन अवसर पर 13 एमपी एनसीसी बटालियन नर्मदापुरम के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सत्य प्रकाश सिंह ने कैडेट्स को संबोधित किया.**



उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त मंच है. उन्होंने कैडेट्स से आग्रह किया कि वे शिविर में आयोजित प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करें. उद्घाटन समारोह में सूबेदार मेजर बीसी तिलक, सूबेदार राकेश सिंह, सूबेदार रामअवतार, बीएचएम पूरन मिश्रा, एमजीएम पीजी कॉलेज इटारसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डा. मनीष चौरे, लेफ्टिनेंट डा. संतोष अहिरवार, सीटीओ श्रुति एवं यास्मीन खान सहित एनसीसी स्टाफ एवं अधिकारी उपस्थित रहे.

शिविर के दौरान कैडेट्स को योग, ड्रिल, फायरिंग, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, हेल्थ एंड हाइजीन, साइबर सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है. इसके साथ ही कैडेट्स में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने हेतु विभिन्न व्यावहारिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा. शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, राष्ट्रीय एकता एवं सेवा भाव विकसित करते हुए उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है.

# मंडी में 30 तक बढ़ाई नीलामी अवधि



**इटारसी, 26 मई.** इटारसी कृषि उपज मंडी ने किसानों को राहत देते हुए 27 से 30 मई तक लगातार नीलामी कार्य जारी रखने का फैसला किया ह. रबी सीजन में फसलों की बढ़ती आवक को देखते हुए मंडी प्रशासन ने इस अवधि में कोई अवकाश नहीं रखने का निर्णय लिया है.मंडी सचिव प्रशांत पांडे ने बताया कि किसानों की सुविधा और उपज की सुचारु खरीदी सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है. 27 से 30 मई तक मंडी प्रांगण खुला रहेगा, जिससे किसान अपनी कृषि उपज लाकर नियमित रूप से नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे.मंडी प्रशासन ने अनुज्ञप्ति व्यापारियों, हम्मालों और तुलावटियों को भी निर्देश दिए हैं.

# निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण
# बारिश से राहत दिलाएगा प्रोजेक्ट

**नर्मदापुरम, 26 मई. नगर में जलभराव और बारिश के दौरान बनने वाली बाढ़ जैसी स्थिति से राहत दिलाने के लिए नगरपालिका द्वारा नालों के पक्कीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है. इसी क्रम में समेरिटंस स्कूल से भोपाल तिराहे तक बन रहे निर्माणाधीन नाले का मंगलवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने निरीक्षण किया.**

पटवारी कॉलोनी के पीछे चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए नपाध्यक्ष ने नाले की गुणवत्ता और निर्माण कार्य की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया. इस



दौरान इंजीनियरों और निर्माण एजेंसी से कार्य की जानकारी ली गई. उपयंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण के दौरान नाले की ऊंचाई बढ़ाने और तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं. नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि समेरिटंस स्कूल के पीछे से भोपाल तिराहे तक बनने वाला यह नाला शहर के लिए बेहद महत्वपूर्ण परियोजना है.

## मूंग-उड़द पंजीयन की हुई शुरुआत

**नर्मदापुरम.** ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 25 मई 2026 से शुरू होगा. किसान 15 जून 2026 तक अपना पंजीयन करा सकेंगे. मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया शुरू की जा रही है. कलेक्टर नर्मदापुरम ने जिले में गेहूं उपार्जन के लिए निर्धारित 132 पंजीयन केंद्रों को ही मूंग एवं उड़द उपार्जन के लिए अधिकृत किया है. किसान निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन करा सकते हैं.

# अधिकारियों ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

### जिला पंचायत में हुई जनसुनवाई

**हरदा, 26 मई. जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए.**



जनसुनवाई में ग्राम कमताड़ा निवासी विक्रांत फुलरे ने जमीन का नामांतरण कराने हेतु आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये.अभिषेक ग्रीन वैली निवासी नवीन अग्रवाल ने पाइपलाइन चेंबर चौक होने से फेल रही गंदगी के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये.जनसुनवाई में ग्राम रेलवा निवासी नितिन दुगाया ने शहीद इलाप सिंह उद्वहन सिंचाई परियोजना का लाभ प्राप्त न होने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये.ग्राम पलासनेर निवासी रूपाली यादव ने उपार्जित गेहूँ का समिति प्रबन्धक द्वारा बिल न बनाने की शिकायत की.

# कांग्रेस के लिए काम काम करें बहनें : रूपाली

### महिला कांग्रेस की बैठक संपन्न

**इटारसी, 26 मई. जिला कांग्रेस कार्यालय में मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव एवं नर्मदा पुरम जिले की महिला कांग्रेस प्रभारी रूपाली शर्मा एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय की विशेष उपस्थिति में महिला कांग्रेस की बैठक हुई.बैठक को संबोधित करते हुए रूपाली शर्मा ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी बहनों को अपने-अपने घर से निकलकर कांग्रेस के लिए कार्य करना है.**




उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, मध्य प्रदेश में कानून व्यवस्था, बेरोजगारी महंगाई जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला.जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने पहले भी जिले में मातृशक्ति बहुत सक्रिय रूप से कार्य करती रही हैं. भविष्य में भी आशा है कि आप का सहयोग कांग्रेस को निरंतर मिलता रहेगा. इस अवसर पर पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष माधवी मिश्रा, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव नेहा चावरे, नर्मदापुरम नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीना वर्मा, इटारसी नगर पालिका परिषद की नेता प्रतिपक्ष रफतजहा सिद्दीक, वरिष्ठ पार्षद सीमा भदोरिया, नगर महिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष नसीम खान, पार्षद रामाचंद्रवंशी आदि पार्षद वंदना ओझा, जिला कांग्रेस महासचिव रतना गौर, निकिता इरपाचे , खुशबू झलिया, सरोज विश्वकर्मा आदि बैठक को संबोधित किया.इस अवसर पर प्रमुख रूप से संध्या बस्तवार, अंजलि कलोसिया माधवी चौरे, रितु चौरे ,प्रीति यादव, विनिता बस्तवार, निखत गोलंदास, निशा नागेश, सोनू नागेश, मोनिका झलिया आदि महिला कांग्रेस नेत्री मौजूद थी.यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी.

# गंदे पेयजल को लेकर नाराजगी




**इटारसी, 26 मई. शहर में गंदे पेयजल की समस्या को लेकर नागरिकों की चिंता बढ़ती जा रही है. न्यास कॉलोनी क्षेत्र के रहवासियों ने नगर पालिका सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा से मुलाकात कर पीने के पानी में गंदगी आने की शिकायत दर्ज कराई. नागरिकों ने जल्द समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है.**

सीएमओ रितु मेहरा ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि समस्या के निराकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द स्थायी समाधान निकाला जाएगा. नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से शहर के कई इलाकों में दूषित पानी की शिकायत सामने आ रही है. स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि पानी में बैक्टीरिया हो सकते हैं. कुछ नागरिकों द्वारा निजी स्तर पर पानी की जांच कराने की बात भी कही गई है.


भागवत कथा | भागवत कथा में पंडित योगेश शर्मा ने कहा-

# शुद्ध आत्मा से ही संभव है परमात्मा की प्राप्ति

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 26 मई. पुरुषोत्तम मास के अवसर पर ग्राम दतवासा में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी.कथा के दौरान पूरा परिसर भक्ति और श्रद्धा के माहौल से सराबोर नजर आया.**

कथा वाचक पंडित योगेश रघुनंदन शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं गोपिकाओं के चीर हरण प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया.



पंडित शर्मा ने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति केवल शुद्ध आत्मा से ही संभव है.गोपिकाएं शुद्ध आत्मा का प्रतीक हैं और श्रीकृष्ण स्वयं परमात्मा हैं.आत्मा न स्त्री होती है, न पुरुष और न ही वह किसी वस्त्र से आच्छादित होती है.उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य भगवान को भगवान के रूप में स्वीकार करता है तब तक कोई संदेह नहीं रहता, लेकिन जब मनुष्य भगवान की तुलना स्वयं से करने लगता है, तभी भ्रम और संदेह उत्पन्न होते हैं.

उन्होंने चीर हरण प्रसंग की व्याख्या करते हुए बताया कि उस समय भगवान श्रीकृष्ण की आयु मात्र छह वर्ष थी और छह वर्ष के बालक में किसी प्रकार की वासना या विकार नहीं होता.यदि यह प्रसंग वासना से जुड़ा होता तो महान त्यागी एवं ज्ञानी सुखदेव मुनि इस कथा का वर्णन राजा परीक्षित को कभी नहीं सुनाते.

उन्होंने कहा कि कुछ लोग श्रीकृष्ण को केवल गोप-ग्वालों के साथ हंसी-ठिठोली करने वाले रूप में देखते हैं, लेकिन गीता का दिव्य ज्ञान देने वाले कृष्ण को भूल जाते हैं.लोग गोपिकाओं के चीर हरण की चर्चा करते हैं, परंतु द्रौपदी के चीर बढ़ाने वाले श्रीकृष्ण के करुणामय स्वरूप को स्मरण नहीं करते. संगीतमय कथा के बीच प्रस्तुत किए गए रसीले भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया.

## रिश्वत शिकायत पर आरआई निलंबित

**नर्मदापुरम.** तहसील सोहागपुर में पदस्थ राजस्व निरीक्षक गुलाबचंद उईके को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. उनके खिलाफ सीमांकन और अन्य शासकीय कार्यों में रिश्वत मांगने तथा किसानों से धोखाधड़ी की गंभीर शिकायतें मिली थीं. जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए. कलेक्टर कार्यालय ने पहले कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर म.प्र. सिविल सेवा नियम 1966 के तहत कार्रवाई की गई. निलंबन अवधि में गुलाबचंद उईके का मुख्यालय भू-संसाधन प्रबंधन शाखा नर्मदापुरम तय किया गया है.

# इटारसी-बीड़ के बीच नई पैसेंजर ट्रेन की मंजूरी

### सांसद के प्रयासों से मिली ट्रेन

**इटारसी, 26 मई. क्षेत्र के यात्रियों, किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों के लिए एक बहुत बड़ी और हर्ष की खबर है. सांसद दर्शन सिंह चौधरी के विशेष प्रयासों से रेल मंत्रालय ने जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए इटारसी से बीड़ के मध्य एक नई पैसेंजर ट्रेन के परिचालन को आधिकारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है.**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 26 मई को पत्र जारी कर इस बात की पुष्टि की है कि गाड़ी संख्या 51690/51689 इटारसी-बीड़ पैसेंजर को चलाने की मंजूरी



दे दी गई है.गौरतलब है कि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने क्षेत्र की जनता और आम यात्रियों की मांग को देखते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इस नई पैसेंजर ट्रेन को शुरू करने का आग्रह किया था.जनभावनाओं को प्राथमिकता देते हुए रेल मंत्रालय ने त्वरित निर्णय लिया और इस रूट पर नई रेल सेवा की सौगात दे दी.यह ट्रेन शुरू होने से इटारसी और बीड़ के बीच दैनिक यात्रा करने वाले हज़ारों यात्रियों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा.इस बड़ी उपलब्धि पर जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य प्रशांत अग्रवाल ने खुशी जाहिर करते हुए जनभावनाओं को सर्वोपरि रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद दर्शन सिंह चौधरी का हृदय से आभार व्यक्त किया है.प्रशांत अग्रवाल ने कहा, यह नई रेल सेवा हमारे क्षेत्र के विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और आम जनता के लिए सुविधा के साथ-साथ विकास के नए द्वार खोलेगी.लंबे समय से इस रूट पर एक सुलभ यातायात साधन की जरूरत महसूस की जा रही थी.